A.N - 24

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र

## नोटिस

दिनांक 22.01.2022

दयानन्द महिला महाविद्यालय की सभी स्वय सेविकाओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12 जनवरी से 26 जनवरी तक रेड रिबन क्लब हरियाणा के तत्वावधान में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस तथा आइकोनिक (Iconic) पखवाडा अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जन जागरण हेतु HIV/AIDAS AWARENESS विषय पर विभिन्न स्थानों पर पैम्फलेट लगाने की गतिविधि आयोजित की जा रही है। सभी स्वयं सेविकाएं पैम्फलेट का प्रिंट निकाल कर अपने आस–पास के स्थानों पर लगाते हुए Geotag फोटो खींच कर निम्नांकित e-mail :- dmmnss2022@gmail.com पर 25 जनवरी 2022 तक 1 बजे तक भेज दें।

अतिरिक्त जानकारी हेतु निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क करें।

प्राचार्या

कार्यक्रम अधिकारी

डा० सोनिया (9466941441)

डा० रीतु (7082682576)

दिनांक: 25-01-2022

'राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा' के अंतर्गत 'राष्ट्रीय सेवा योजना व रैड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में 'एच.आई.वी./एड्स जागरूकता' विषय पर विभिन्न स्थानों पर पैम्फलेट लगाने वाली छात्राएं:

| Sr.No | Name | Class | Roll No |
|---|---|---|---|
| 1. | Amandeep Kaur | B.A-II | 120209002237 |
| 2. | Shristi | B.Com III | 3148520031 |
| 3. | Ravina | B.A-II | 120209002063 |
| 4. | Tanu | B.Sc II | 120209015060 |
| 5. | Aarzoo | B.Sc II (CS) | 120209015076 |
| 6. | Simran | B.Sc II (CS) | 120209015019 |
| 7. | Komal | B.A. II | 120209002275 |
| 8. | Muskan | B.A-III (V) | 3230920013 |
| 9. | Sneha | B.A-I (V) | 1212093002019 |
| 10. | Komal Walia | B.A-III | 3148420157 |
| 11. | Tanu Kaur | B.A-I | 1212092002195 |
| 12. | Nisha | B.Com III | 3270420051 |
| 13. | Parveen | B-A-III | 3148420108 |
| 14. | Kirti Rani | B.Com II | 120209039015 |
| 15. | Radha Rana | M.Com final | 220209168042 |
| 16. | Vanshika | B.A-III (V) | 3230920016 |
| 17. | Aanchal Saini | B.A-II | 120209002155 |
| 18. | Tripti Garg | B.A-I | 1212093002001 |

# प्रैस नोट

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रैड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में 'राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा (12 जनवरी से 26 जनवरी 2022)' के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सोनिया व डॉ० रीतू के निर्देशन में 'एच आई वी/एड्स जागरूकता' अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने कोरोना नियमों का पालन करते हुए अपने आस–पास के स्थानों पर एच आई वी/एड्स जागरूकता संबंधी पैम्फलेट लगाकर वहां के निवासियों को एड्स जैसी भयानक बीमारी के लक्षणों, कारणों एवं बचाव के संबंधित जानकारी प्रदान की।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० विजेश्वरी ने छात्राओं द्वारा चलाये इस जागरूकता अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि एड्स जैसी लाइलाज बीमारी को खत्म करने के लिए सभी को इसके बारे में सही व सम्पूर्ण जानकारी होना आवश्यक हैं। क्योंकि एड्स के बारे में लोगों के मन में कई प्रकार की भ्रांतियाँ है जिनको दूर करने के लिए उन्हें इस प्रकार के जागरूकता अभियान के माध्यम से ही समझाया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि एड्स जैसी जानलेवा बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंकना है, तो हमें इसके खिलाफ साथ मिलकर लड़ना होगा। उन्हे विश्वास है कि यदि युवा वर्ग आगे आकर समाज को जागरूक करेगा तो इस प्रकार की भयानक बीमारियों को जड़ से खत्म किया जा सकता हैं।

# पंजाब केसरी

29 जनवरी 2022

## राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत एच.आई.वी. जागरूकता अभियान का आयोजन



*कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राएं।* *(अरोड़ा)*

कुरुक्षेत्र, 28 जनवरी (विनोद अरोड़ा): दयानंद महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रैड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा 12 जनवरी से 26 जनवरी 2022 के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डा. सोनिया व डा.रीतू के निर्देशन में एच.आई.वी./एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने कोरोना नियमों का पालन करते हुए अपने आस-पास के स्थानों पर एच.आई.वी./ एड्स जागरूकता संबंधी पैम्फलेट लगाकर वहां के निवासियों को एड्स जैसी बीमारी के लक्षणों, कारणों एवं बचाव के संबंधित जानकारी दी।

महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विजेश्वरी ने छात्राओं द्वारा चलाए इस जागरूकता अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि एड्स जैसी बीमारी को जड़ से उखाड़ फैंकना है, तो हमें इसके खिलाफ साथ मिलकर लड़ना होगा, यदि युवा वर्ग आगे आकर समाज को जागरूक करेगा तो इस प्रकार की बीमारियों को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

# दैनिक जागरण

29 जनवरी, 2022

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पोस्टर मेकिंग स्पर्धा कराई

जास, कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय की युवा कल्याण परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना व नेशनल कैडेट कोर यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। इस दौरान आजादी के वीर-वीरांगनाओं की शौर्य गाथाएं, आजादी से अब तक भारत का तकनीकी विकास और सशक्त नारी, सशक्त भारत पर आधारित विषय पर पोस्टर बनाए गए।

परिषद संयोजिका डा. सुमन राजन ने बताया कि प्रतियोगिता में 22 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। प्रतियोगिता में मैरी प्रथम, कनिका व सृष्टि संयुक्त रूप से द्वितीय, वंशिका तृतीय और करीना, हिमांशी ने सांत्वना पुरस्कार पाया। प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डा. सोनिया, सरोज बाला, रजवंत कौर, कैप्टन सुधा सेठी व डा. रितु मौजूद रही।

# अमर उजाला

29.01.2022

## पोस्टर प्रतियोगिता में मैरी ने बाजी मारी

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय की युवा कल्याण परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल कैडेट कोर यूनिट के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में आजादी के वीर-वीरांगनाओं की शौर्य गाथाएं, आजादी से अब तक भारत का तकनीकी विकास तथा सशक्त नारी, सशक्त भारत पर आधारित विषयों को शामिल किया गया। प्रथम स्थान मैरी बीकॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान कनिका बीए प्रथम वर्ष एवं सृष्टि बीए प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान वंशिका बीए तृतीय वर्ष रही। सांत्वना पुरस्कार करीना बीए द्वितीय वर्ष, हिमांशी बीटीएम द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी। संवाद

OPPO A5 2020

A.N-24

HIV AIDS AWARENESS







